हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 3 अप्रैल 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

2 भूविस्थापितों ने एसईसीएल मुख्यालय में तालाबंदी कर किया धरना- प्रदर्शन




## खबर संक्षेप

### ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण आज

**जांजगीर-चांपा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिले के ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाऊस का मासिक 3 अप्रैल को प्रातः 11 बजे राजनैतिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया जाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्व संबंधितों को निरीक्षण में उपस्थित होने का आग्रह किया है। जिले के ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाऊस का मासिक 3 अप्रैल को प्रातः 11 बजे राजनैतिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा।

### स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं समीक्षा समिति की बैठक कल

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं समीक्षा समिति की बैठक 4 अप्रैल को शाम 4.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बैठक में सभी समन्वयक अपनी अधीनस्थ समस्त शाखाओं का सभी शासकीय योजनान्तर्गत किए गए ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड स्वीकृति एवं वितरणों की अद्यतन जानकारी के साथ बैठक की निर्धारित तिथि व स्थान पर उपस्थित होने के निर्देश दिये है। बैठक में पिछली डीएलसीसी व डीएलआरसी बैठक की कार्यवाही, बैंकिंग गतिविधियां, ऋण जमा अनुपात पर समीक्षा, केसीसी, वार्षिक साख योजना की लक्ष्य एवं प्रगति पर समीक्षा, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना, अटल पेंशन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, शासकीय ऋण वितरण, आरसेटी आदि विषयों पर समीक्षा कर चर्चा की जाएगी।

## जिला अस्पताल में नहीं थम रहा विवाद, चरमराई व्यवस्था

# डॉक्टर, नर्स सहित 83 ने लिया सामूहिक अवकाश, की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में सिविल सर्जन के साथ डॉक्टर, नर्स व कर्मचारियों के बीच चल रहा विवाद कही थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रभारी सिविल सर्जन को हटाने को लेकर एक सूत्रीय मांग को लेकर लामबंद डॉक्टर व नर्स सहित 83 लोगों ने सामूहिक अवकाश ले लिया। वे एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। ऐसे में एक ही दिन में व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। परिजन व उनके परिजन हलाकान होते रहे।

गौरतलब है कि बैरिस्टर ठा. छेदीलाल शासकीय जिला चिकित्सालय जांजगीर में प्रभारी सिविल सर्जन के साथ डॉक्टरों, नर्स और कर्मचारियों के बीच तालमेल नहीं जम रहा है। बीते मार्च महीने में प्रभारी सिविल सर्जन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए डॉक्टरों व कर्मचारियों ने जिले के मुखिया कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च करके ज्ञापन सौंपा था। इतना ही नहीं उन्होंने चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी देते हुए इसकी शुरूआत भी की थी। इस कड़ी में ओपीडी का बहिष्कार, सायकल स्टैण्ड के सामने उपचार करने का काम हुआ। दूसरी ओर डॉक्टरों की मांग पर जिम्मेदार प्रशासन ने जांच टीम गठित की और एक तरह से मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। इधर मांग पर समुचित कार्रवाई नहीं होने से क्षुब्ध डॉक्टरों व नर्स के साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने बुधवार 2 अप्रैल को सामूहिक अवकाश ले लिया। जिला अस्पताल के डॉक्टर,नर्स सहित 83 कर्मचारी एक ही दिन अवकाश पर चले गए। ऐसे में जिला अस्पताल में व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हुई। मौजूद स्टाफ को अतिरिक्त जिम्मेदारी देकर कामकाज की औपचारिकता निभाई गई, लेकिन डॉक्टर और नर्स सहित 83 कर्मचारियों के एक ही दिन सामूहिक अवकाश लेने से मरीज और उनके परिजन हलाकान होते रहे। ओपीडी से लेकर वार्डो तक व्यवस्था प्रभावित हुई। कुल मिलाकर जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में प्रभारी सिविल सर्जन और डॉक्टरों व कर्मचारियों क बीच चल रहा विवाद कही थमने का नाम नहीं ले रहा है।



जिला अस्पताल के बाहर लगी मरीजों की कतार।

### 6 साल से सेवा दे रहे एमडी पैथालाजिस्ट ने दिया इस्तीफा

जिला अस्पताल जांजगीर में डीएमएफ मद से लगभग 6 वर्षों से डॉ. अश्वनी राठौर पदस्थ थे जो ब्लड बैंक, सिकलसेल यूनिट, पैथोलेब भी देख रहे थे। कोरोना काल में भी उनकी बड़ी भूमिका थी। वहीं एमडी पैथालाजिस्ट ने विभिन्न कारणों के चलते अपने पद से इस्तीफा दे दिया। डा. अश्विनी कुमार राठौर द्वारा लिखे राये पत्र के अनुसार वे सितम्बर 2019 से पदस्थ रहकर दिये गये दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। पत्र में उन्होंने पीड़ा जताई है कि नये सिविल सर्जन द्वारा विगत 3 महीनो से विशेषज्ञ की तरह नहीं बल्कि मेडिकल आफिसर की तरह कार्य कराया जा रहा है। वे जानबूझकर मुझे नीचा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं जिससे उनकी आत्मा आहत हुई है। उनका कार्यकाल प्रत्येक वर्ष 1-1 वर्ष का होता था जिसका प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण होता है जो वर्तमान में 31 मार्च 2025 समाप्त हो रहा है। उक्त बातों के कारण अब मै आगे जिला अस्पताल में अपनी सेवारी जारी नही रखना चाहता हूं।

### इलाज के लिए भटकते रहे मरीज

बैरिस्टर ठा. छेदीलाल शासकीय जिला चिकित्सालय जांजगीर में प्रभारी सिविल सर्जन के साथ डॉक्टरों, नर्स और कर्मचारियों के बीच ठीकठाक नहीं चल रहा है। इधर डॉक्टर और नर्स के सामूहिक अवकाश में चले जाने के कारण सबसे अधिक परेशानी मरीज और उनके परिजनों को हो रही है। बुधवार 2 अप्रैल को कुछ इसी की अव्यवस्था जिला अस्पताल को देखने को मिली। डॉक्टर एवं स्टाफ के सामूहिक अवकाश पर चले जाने के कारण ओपीडी सहित भर्ती मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। अब देखना यह है कि अस्पताल में व्यवस्था कब तक बन पाएगी।

# यातायात पुलिस से मारपीट, गिरफ्तार करके आरोपियों का निकाला जुलूस

## मनका दाई मंदिर खोखरा में बीती रात की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के प्रसिद्ध मनका दाई मंदिर परिसर खोखरा में ड्यूटीरत यातायात पुलिसकर्मी पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि पार्किंग को लेकर आरोपियों ने पुलिस से मारपीट की थी। घटना के कुछ घंटों के भीतर ही पुलिस ने तीनों आरोपियों को धर दबोचा और उनकी जुलूस निकाली गई।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नवरात्रि पर्व के तीसरे दिन मंगलवार 1 अप्रैल को जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खोखरा में यातायात पुलिस के जवान ड्यूटी पर तैनात थे। बताया जाता है कि भीड़ को देखते हुए यातायात जवान वाहनों की पार्किंग व्यवस्थित तरीके से कराने में लगे हुए थे। इस दौरान रात्रि करीब 8 बजे मंदिर के मुख्य मार्ग पर मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर कुछ लोग विवाद करने लगे। ऐसे में वहां पर मौजूद यातायात जवान ने मोटरसाइकिल पार्किंग में लगाने की सलाह दी, जिस पर आरोपी दीप कुमार सूर्यवंशी, बादल सूर्यवंशी और अजय कुमार सूर्यवंशी ने एक राय होकर पुलिसकर्मी के साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। मामले की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 221, 121(1), 132, 296, 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



### एक माह के भीतर 1 हजार 40 वाहन चालकों से वसूले 6 लाख 75 हजार

**जांजगीर-चांपा।** यातायात नियमों का उल्लंघन मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा एक महीने के भीतर 1 हजार 40 वाहन चालकों पर 6 लाख 75 हजार 8 सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। वहीं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने वाले 100 वाहन चालकों को न्यायालय में पेश किया गया। सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में माह मार्च में लगातार वाहन चेकिंग किया गया। इसी के तहत एक माह में कुल 1040 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। जिसमें से 919 वाहन चालकों से 3 लाख 84 हजार 8 सौ रुपया का समन शुल्क लिया गया। वाहन चेकिंग के दौरान 21 वाहन चालकों के द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने पाए जाने पर विधिवत मोटर अधिनियम के कार्यवाही कर वाहन को जप्त किया गया। जहां से उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। जिसमें कुल 2 लाख 61 हजार का अर्थ दंड से दंडित किया गया है। वाहन चालकों के द्वारा मौके पर वाहन का कागजात पेश नहीं करने पर 100 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायालय पेश किया गया। जिसमें वाहन चालकों से 30 हजार का अर्थ दंड लिया गया है। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहने की बात कही गई।




नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।



## खबर संक्षेप

### विजय मंझवार बने सरपंच संघ के अध्यक्ष



**कोरबा।** जनपद कोरबा में नव निर्वाचित सरपंचों की बैठक 23 मार्च को आदिवासी शक्ति पीठ भवन में आयोजित की गई थी। बैठक में सर्वसम्मति से सरपंच संघ का गठन किया गया और विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। विजय कुमार मंझवार अध्यक्ष, अचला कंवर को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दशरथ सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा, भूकेश्वर सिंह पैकरा को सचिव और बुधवारो राठियाको सह-सचिव चुना गया। मालिक राम राठिया को सरपंच संघ का संरक्षक नियुक्त किया गया है। उनके मार्गदर्शन में जनपद के सरपंच ग्रामीण विकास और पंचायतों के सुचारू संचालन के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर सभी नव निर्वाचित सरपंचों ने ग्राम पंचायतों के विकास को प्राथमिकता देने और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया। बैठक में जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पंचायत स्तर पर योजनाओं को सक्रिय रूप से लागू किया जाएगा और ग्रामीण विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

### प्राचार्य डॉ. गुप्ता को रबीन्द्रनाथ टैगोर नेशनल प्रिंसिपल अवार्ड से होंगे सम्मानित



**कोरबा।** इंडस पब्लिक स्कूल, दीपका के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता को शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए रबीन्द्रनाथ टैगोर नेशनल प्रिंसिपल अवार्ड 2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान 12 अप्रैल को हॉलिडे इन, मयूर विहार, नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। डॉ. संजय गुप्ता को इस सम्मान के लिए चयनित किया गया है, जो कि उनके शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान और समर्पण को दर्शाता है। सम्मान समारोह में विभिन्न शिक्षाविद, लीडर, प्रोफेशनल, इनोवेटर्स जैसे ख्यातिलब्ध व नामचीन हस्ती मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि वह ई यू मीडिया, एक उपदेश ग्रुप एवं उसकी टीम को दिल से धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने उन्हें इस योग्य समझा। श्री गुप्ता ने कहा कि मेरा जीवन का एक ही उद्देश्य है कि मैं अंतिम सांस तक शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करता रहूंगा। विद्यालय का संचालन एवं बच्चों के भविष्य निर्माण हेतु अथवा नये आवाम तलाशना निःसंदेह काफी कठिन कार्य है। परंतु मैं अपनी पूरी निष्ठा एवं लगन से इस कार्य में लगा रहुँगा।

### राजेंद्र साहू ने 56वीं बार किया रक्तदान



**कोरबा।** लोक अभियोजक राजेंद्र साहू के द्वारा नवरात्रि प्रथम दिवस माता हरसिद्धि देवी की नगरी उज्जैन के शासकीय चिकित्सालय में 56वीं बार रक्तदान किया गया। राजेन्द्र साहू लोक अभियोजक कोरबा को रक्तवीर सम्मान दिया गया। राष्ट्रीय स्तर पर समाज सेवा के लिए समाज रत्न सम्मान दिया जा चुका है। अधिवक्ता संघ कोरबा द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

### जो कार्य तीन देवता मिलकर करते हैं वो कार्य मां अकेले करती है : दयानंद



**हरदीबाजार।** ग्राम भलपहरी में चल रहा श्रीमद देवी भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को रसपान कराते हुए भागवताचार्य पं दयानंद कृष्ण ने कहा श्रृष्टि की रचना में ब्रम्हा जगत के रचनाकर्ता, विष्णु जगत के पालनकर्ता और महेश संघारकर्ता कहलाते हैं लेकिन इन तीनों का कार्य अकेली मां करती है। मां अपने गर्भ मां बालक की रचना करती है मां के गर्भ में ही पालन होता है गर्भ से बाहर आने पर मां ही बालक के दुर्गुणों बुरे कर्मों का संघार करती हैं मां को इसलिए ही प्रथम गुरु कहा गया है। देवी भागवत कथा के द्वितीय दिवस पं दयानंद कृष्ण ने हयग्रीव अवतार मधुकैटभ वध शुकदेव जन्म कथा सुनाया। कथा रोजाना शाम 4 बजे से देवी कृपा तक चल रहा है इस दौरान ग्रामीण सहित आसपास के श्रद्धालुजन कथा रसपान के लिए पहुंच रहे हैं।

---

### मांगे पूरी नहीं होने पर 16 अप्रैल से सभी खदानों में कामबंद हड़ताल की चेतावनी

# भूविस्थापितों ने एसईसीएल मुख्यालय में तालाबंदी कर किया धरना- प्रदर्शन




एसईसीएल मुख्यालय के मुख्यद्वार पर तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की सभी परियोजनाओं से प्रभावित भूविस्थापितों ने रोजगार, पुनर्वास सहित अन्य मांगों को लेकर एसईसीएल मुख्यालय में मोर्चा खोल दिया। भूविस्थापितों बैरिकेड को तोड़ते हुए मुख्यद्वार पर पहुंचे और तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। भूविस्थापितों के आंदोलन को देखते हुए एसईसीएल के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और भूविस्थापितों से ज्ञापन लेने के बाद मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। वहीं भूविस्थापितों ने चेतावनी दी है कि 15 दिनों के भीतर समस्याओं का निराकरण नहीं किया तो 16 अप्रैल को एसईसीएल के सभी खदानों में कामबंद हड़ताल किया जाएगा।

**खास बात**

- बैरिकेड को लांघकर मुख्य द्वार तक पहुंचे भूविस्थापित, प्रबंधन ने मांगों को पूरा करने दिया आश्वासन

एसईसीएल के विभिन्न परियोजनाओं से प्रभावित भूविस्थापितों ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को बिलासपुर स्थित मुख्यालय में जमकर धरना प्रदर्शन किया। भूविस्थापितों के चेतावनी को देखते हुए एसईसीएल प्रबंधन द्वारा उन्हें रोकने के लिए बैरिकेड लगाए गए थे। भूविस्थापित रैली की शक्ल में एसईसीएल मुख्यालय की ओर कूच किए। इस दौरान भूविस्थापित बैरिकेड को लांघते हुए मुख्यद्वार पर पहुंचे और गेट पर तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। लगभग 5 घंटे तक भूवस्थापितों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस बीच एसईसीएल भूअर्जन के नोडल अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर मांगपत्र लिया। ऊर्जाधनी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने बताया कि प्रबंधन को 15 दिन का समय दिया गया है। यदि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती है तो 16 अप्रैल को सभी खदानों में व्यापक आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। भूविस्थापितों की मांग है कि केन्द्रीय सरकार द्वारा पारित भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम के तहत रोजगार और पुनर्वास प्रदान किया जाए। उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश से स्पष्ट है कि वर्ष 2012 से पूर्व की भूमि अर्जन और अर्जन के बाद जन्म लेने वाले को रोजगार से वंचित नही किया जा सकता है और एसईसीएल द्वारा अब तक ऐसे भूविस्थापितों को रोजगार से वंचित रखा गया है और उनके पूरी जिन्दगी को बर्बाद किया गया है अतः इस अन्यायपूर्ण नियम को शिथिल करके बिना किसी बहाना के रोजगार प्रदान किया जाए। एसईसीएल अपनी टेंडर प्रक्रियाओं में आवश्यक बदलाव के साथ यह सुनिश्चित करे कि इसमें 80 प्रतिशत तक स्थानीय भू-विस्थापितों को प्राथमिकता दी जाएगी। भूविस्थापित बेरोजगारों का कौशल उन्नयन और स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षित कर रोजगार के लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए।

#### हाईकोर्ट के फैसले का पालन करें




उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश से स्पष्ट है कि 2012 से पूर्व की भूमि अर्जन और अर्जन के बाद जन्म लेने वाले को रोजगार से वंचित नही किया जा सकता है और एसईसीएल द्वारा अब तक ऐसे भूविस्थापितों को रोजगार से वंचित रखा गया है और उनके पूरी जिन्दगी को बर्बाद किया गया है अतः इस अन्यायपूर्ण नियम को शिथिल करके बिना किसी बहाना के रोजगार प्रदान किया जाए।

#### एक कंपनी एक नियम के तहत दें सबको विस्थापन लाभ




एक कंपनी एक नियम के तहत एस ई सी एल के सभी क्षेत्रों में बसाहट राशि (विस्थापन लाभ), सहित सभी सुविधाएँ समान रूप से प्रदान किया जाए, एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट गेवरा, दीपका और कुसमुंडा में बसाहट के एवज में राशि 10 लाख एवं प्रोत्साहन राशि 5 लाख रूपये किया गया है तथा भूविस्थापितों के लिए अनेक जनहितकारी योजना शुरू किया गया है किन्तु अन्य क्षेत्रों में इसे लागू नहीं की जा रही है जो पूर्णतः अन्याय है। अतः मांग है कि एस ई सी एल के सभी क्षेत्र में बसाहट के एवज में राशि को और बढ़ोत्तरी कर 25 लाख रूपये एवं ठेका कार्यों में भूविस्थापितों के लिए 5 लाख से बढाकर 20 लाख रूपये की स्कीम शुरू किया जाए।

---

# डिवाइडर के लिए हटाया जा रहा बेजाकब्जा



कार्यवाही करते पुलिस व निगम अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीपी नगर इंदिरा स्टेडियम से सीएसईबी चौक तक सड़क के बीचो-बीच डिवाइडर का निर्माण कराया जा रहा है जिसके लिए नगर निगम ने काम भी चालू कर दिया है लेकिन ट्रक चालकों द्वारा सड़क पर ही बेतरतीब तरीके से ट्रकों को खड़ा कर दिया गया है और सड़क के किनारे बड़े पैमाने पर अतिक्रमण कब्जा कर लिया गया है। निर्माण कार्य को देखते हुए यातायात पुलिस व नगर निगम की संयुक्त टीम ने आज विशेष अभियान चलाया और सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने की कार्रवाई की गई।

**खास बातें**

- टीपीनगर से सीएसईबी चौक के बीच बनाया जा रहा है डिवाइडर
- यातायात पुलिस व नगर निगम की संयुक्त टीम कर रही कार्यवाही

उल्लेखनीय है कि टीपी नगर इंदिरा स्टेडियम सीएसईबी चौक के मध्य सड़क के बीचो-बीच डिवाइडर बनाने का काम नगर पालिक निगम द्वारा किया जा रहा है।

जिसके लिए सड़क खोदकर बीच में डिवाइडर लगाया जाना है जिसका काम तीव्र गति से चालू कर दिया गया है ताकि इस मार्ग से आने जाने वाले सभी लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो लेकिन भारी वाहन चालकों द्वारा बड़े पैमाने पर अपनी भारी वाहनों को खड़ा कर सड़क पर अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसकी वजह से यहां निर्माण काम पूरी तरह से प्रभावित हो रहा था। नगर पालिका निगम के आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर मंगलवार को यातायात एएसआई मनोज राठौर व नगर पालिक निगम व यातायात की टीम ने आज विशेष अभियान चलाया और सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े किए गए वाहनों को जब्त करके वाहन संचालकों को फटकार लगाकर वाहन को हटाने की कार्यवाही की गई।

जाँजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह) नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

---

# पाइप लाइन फटने से कई पानी की टंकियों में सप्लाई प्रभावित, कई इलाकों में बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से निकलता पानी का फव्वारा।

जिले के कोहड़िया क्षेत्र में घरों तक पानी सप्लाई के लिए बिछाए गए पाईपलाईन क्षतिग्रस्त हो गया। पाईप लाइन के फटने से पानी का फव्वारा निकलने लगा। जिससे काफी मात्रा में पानी सड़क पर बहने लगा। कई जगहों पर पानी की सप्लाई ठप पड़ी है। पानी की सप्लाई रुकने से शहर के निवासियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बातें**

- पाईप लाइन फटने से 25 फीट ऊंचा निकला पानी का फव्वारा
- सूचना मिलने पर मरम्मत कार्य शुरू

कोहड़िया मुख्य मार्ग स्थित साहू मोहल्ले में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की मुख्य पाइपलाइन में दरार आ गई। इससे करीब 25 फीट ऊंचा पानी का फव्वारा निकलने लगा। पानी सड़क पर बहने के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से पाइप में लीकेज की शिकायत की जा रही थी। समय पर मरम्मत न होने के कारण यह स्थिति बनी। पाईप लाइन फटने की सूचना मिलते ही निगम अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे हैं, वहीं पाइप लाइन के लीकेज के मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। कोहड़िया स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से पाईप लाईन के माध्यम से शहर में पानी की सप्लाई की जाती है। निगम के अधिकारियों के मुताबिक गर्मी के कारण पाईपलाईन में हवा का दबाव बढ़ गया होगा जिससे पाईप फूट गई। मरम्मत कार्य के कारण दूसरे समय शहर में होने वाली पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। अधिकारियों के मुताबिक यह मरम्मत का कार्य जल्द पूरा हो जाएगा और खाली रही टंकियां जल्दी ही भर दी जाएगी जिससे पानी की समस्या से आम लोगों को हो रही परेशानी से जल्द से जल्द निजात मिल सके। नगर निगम के अधिकारी राकेश मसीह ने बताया कि गर्मी के मौसम में पाइप में एयर बनता है जो पास नहीं होने के कारण लीकेज करने लगता है।

### पंप सहित अन्य सामान की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पसान अटल चौक निवासी राहुल अग्रवाल पिता स्व0 सजन अग्रवाल ने थाने में रिपोर्ट लिखाई है कि बालमपुर में उसकी कृषि भूमि है, जिसमें पंपहाउस बना हुआ है। 31 मार्च को बालमपुर गांव के लोगों ने सूचना दी कि बालमपुर में पंपहाउस का दरवाजा टूटा हुआ है बोर पंप, पंप, जेट पंप, पंप स्टाटर, लकडी काटने की मशीन को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दी है।

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत चण्डीपारा जनपद पंचायत पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**बाजार निलामी की सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत चण्डीपारा में गुरुवार को लगने वाले साप्ताहिक आम बाजार को वर्ष 2025 - 26 (2 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) तक के लिए ठेके पर दिया जाना है। जिसकी निलामी हेतु 9/4/2025 दिन बुधवार को समय 12 बजे पंचायत भवन में निलामी रखा गया है। कोई भी व्यक्ति अमानत राशि 25000 रु (पच्चीस हजार रुपये) जमा कर बोली में भाग ले सकता है। निलामी पश्चात तत्काल निलामी राशि का 50 प्रतिशत भाग तुरंत जमा करना होगा बाकि राशि 30 दिन के अन्दर जमा करना होगा। यदि राशि समय पर जमा नही किया जाता है तो ठेका स्वतः निरस्त माना जावेगा। जिसकी सूचना ठेकेदार को नही दिया जायेगा। अन्य नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

सो सूचना जाने

**तोषित रात्रे**
**सरपंच**
**ग्राम पंचायत चण्डीपारा**

**न्यायालय तहसीलदार सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र 202503310600014/अ-6/2024-25 ग्राम-सक्ती तहसील-सक्ती, जिला-सक्ती

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका तारा बाई पिता स्व. प्रहलाद सिंह एवं 01 अन्य जाति-गोड़ निवासी ग्राम वार्ड नं. 14 सक्ती, तहसील-सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.) नें ग्राम-सक्ती स्थित भूमि खसरा नं. 278/2, रकबा 0.10 एकड़ भूमि के दक्षिण दिशा तरफ पश्चिम की ओर स्थित तीन कमरा, परछी एवं बाड़ी जो कि खसरा नं. 278/2 रकबा 0.10 एकड़ में से 0.0150 हे. आवेदिका क्र. 01 ताराबाई के नाम तथा आवेदिका क्रमांक 02 कुसुम बाई के नाम पर 0.0150 हे. को वसीयतनामा के आधार प्रमाणीकरण/नामांतरण किये जाने हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र पेश किया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वह निर्धारित पेशी दिनांक 07/04/2025 को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.)**

**सूचना**

एतद द्वारा ग्राम सेमरिया प.ह.नं. 5 रा.नि.मं. पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला-जांजगीर-चांपा छ.ग. को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेमरिया प.ह.नं. 5 स्थित भूमि 52/9, 670/10, 670/13, 404/3 रकबा क्रमशः 0.93 ए., 0.85 एकड 0.25 ए. 0.22 ए. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 2.25 जो भूमि स्वामी महारथी साहू उम्र 59 वर्ष पिता गज्जू साहू निवासी सेमरिया द्वारा क्रेता पंचराम साहू उम्र 59 वर्ष पिता जगमोहन साहू निवासी सेमरिया के पास दिनांक 26.12.2024 को 20,00000/- (बीस लाख रूपये) में बिक्री करने का सौदा कर बयाना के तौर पर दिनांक 26.12.2024 को 1500000/- (पन्द्रह लाख रूपये) प्राप्त कर लिया है जिसकी रजिस्ट्री यथा शीघ्र होना है उक्त भूमि को यदि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा क्रय किया जाता है तो अवैध एवं शून्य माना जावेगा तथा न्यायालयीन कार्यवाही की जावेगी जिसमें होने वाले व्यय एवं परेशानी के लिये क्रेता जिम्मेदार होगा।

दिनांक 2/4/2025

**पंचराम साहू द्वारा**
**अधिकृत अधिवक्ता-सुरेन्द्र कश्यप**
**सिविल न्यायालय पामगढ़**
**जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार शिवरीनारायण, जिला- जांजगीर-चांपा**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 229/तह./वाचक/2025
शिवरीनारायण, दिनांक 01/04/2025

1. संतोष कुमार कश्यप उम्र 52 वर्ष पिता स्व. दशाराम कश्यप, 2. राजेश कश्यप उम्र 27 वर्ष वल्द स्व. फिरतराम कश्यप, 3. गंगोत्री उम्र 57 वर्ष बेवा फिरतराम कश्यप, सभी जाति कुर्मी, निवासी कटौद, तहसील शिवरीनारायण, जिला जांजगीर चाम्पा, छ.ग....आवेदकगण **बनाम**
छत्तीसगढ़ शासन..........अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष कुमार कश्यप पिता स्व. दशाराम कश्यप वगैरह, जिला-जांजगीर चाम्पा, छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम कटौद, तहसील शिवरीनारायण, जिला-जांजगीर चाम्पा, छ.ग. अवस्थित भूमि ख.नं. 2859, 2864 रकबा क्रमशः 0.44, 0.03 एकड़ कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.47 एकड़ भूमि का माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश जांजगीर चाम्पा, छ.ग. के सिविल अपील क्रमांक-36 अ/2023 निर्णय दिनांक 05-12-2024 के आधार पर नामांतरण बाबत् इस न्यायालय को आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः इस ईश्तहार के माध्यम से सर्वसाधारण एवं हितबध्द पक्षकार को सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में सुनवाई तिथि 16/04/2025 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन सील मुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**शिवरीनारायण**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फेलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेजर से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीजर (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

## खबर संक्षेप

### हसदेव पब्लिक स्कूल में तिलक लगाकर बच्चों का किया स्वागत



**चांपा।** सीबीएसई पाठ्यक्रम द्वारा संचालित चंद्रावली देवी झाझड़िया मेमोरियल इंग्लिश मीडियम हसदेव पब्लिक स्कूल लछनपुर चाम्पा में एकेडमिक सत्र 2025.26 का शुभारंभ करते हुए 2 अप्रैल को विद्यालय में तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर नर्सरी से 12 वीं तक के सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया स साथ ही न्यू जॉइनिंग शिक्षकों का भी स्वागत किया गया। नये सत्र की पहली प्रार्थना सभा अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा संपन्न कराया गया । सभी विद्यार्थीगण उत्साहित नजर आये। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य लवली वर्गीस, एकेडेमिक कोऑर्डिनेटर संजय सिंह, विद्यालय प्रबंधक जवाहरलाल यादव एवं एसमस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित थे।

### दिल्ली में आयोजित एआईसीसी की बैठक में शामिल होंगे पैगवार

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मुख्यालय, इंदिरा भवन नई दिल्ली में 3 अप्रैल को देश के जिला



कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लेंगे, जिसमें शामिल होने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार दिल्ली पहुंच गए हैं। कांग्रेस अब संगठन को नए तरीके से मजबूत एवं शक्तिशाली करने की रणनीति बना रही है इसीलिए एआईसीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सभी जिला अध्यक्षों से बुथ से लेकर जिला तक ग्राउंड रिपोर्ट की जानकारी लेकर कांग्रेस के नए संगठन मॉडल की शुरुआत करेंगे और संगठन को सक्रिय एवं मजबूत बनाएंगे।

### नवागढ़ परियोजना की राजकुमारी विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

**जांजगीर-चांपा।** पूर्व जनपद प्रत्याशी श्रीमती



राजकुमारी डॉ सुनील यादव निवासी मौहाडीह को जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने महिला और बाल विकास विभाग विकास खंड नवागढ़ परियोजना क्रमांक 1, और 2 के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किए है ।

### स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप ने मनाया हिन्दू नववर्ष



**चांपा।** स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप ने सुबह मॉर्निंग वॉक करने वालो ने प्रभु श्रीराम लला का पूजा अर्चना दीपदान कर हिन्दू नववर्ष बड़ी उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम शुभारंभ कृष्णकुमार देवांगन, राजेन्द्र जायसवाल, रूपनारायण यादव व हरि विश्वकर्मा व्दारा प्रभु श्री रामलला प्रतिमा पर फुलमाला दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उद्यान में उपस्थित सभी दीपदान किए उसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। हिन्दू नववर्ष के कार्यक्रम सफल बनाने में राजेन्द्र जायसवाल, हरि प्रसाद विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार देवांगन, रूपनारायण यादव, बहादुर देवांगन ,शिवराज जायसवाल ताड़ी वाला , रामकिशन देवांगन,लक्ष्मी चन्द देवांगन, बसंत महंत, एस के सिगं, राजेश देवांगन,गार्डन के सेवक सुनील पटेल जी, श्रीमती कामिनी जायसवाल, श्रीमती पुष्पा देवांगन श्रीमती शांति देवांगन, श्रीमती द्रौपदी देवांगन, श्रीमती संगीता देवांगन ,मुन्नी देवांगन, गायत्री देवांगन, आशा देवांगन, हेमा देवांगन, शारदा राजपूत, शीतल देवांगन, अनुसुइया देवांगन ,चन्द्रा साहू, भानू विश्वकर्मा,पूरन सिहं राजपूत, नरेन्द्र सिंह, अनिल देवांगन, दयाराम थवाईत, कल्लू विश्वकर्मा,डॉ जी पी दुबे, विजय लहरे विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी नवांगढ़, शिव हंसराज, संजय महाराज, विरेंद्र सिंह यादव ने राष्ट्रगान करने के पश्चात रामलला का पूजा अर्पण कर दीप दान कर प्रसाद वितरण किया गया। इसमें नारी शक्तियों का विशेष सहयोग रहा। स्वामी विवेकानंद उद्यान में प्रतिदिन 5:30 से 6:00 तक भजन एवं 6:15 पर राष्ट्रगान स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप के द्वारा किया जाता है।

### परीक्षा देकर निकले आठवीं के छात्र पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** परीक्षा देकर स्कूल से बाहर निकले कक्षा आठवीं के छात्र को हंसी मजाक के दौरान कमेंट्स करने पर दूसरे छात्र ने पैर में चाकू से हमला कर दिया। देर रात तक पुलिस मामले में अपराध दर्ज नहीं किया था। सिरगिट्टी निवासी मोहन राव ने बताया, यश थामस पिता स्व. राजा थामस भारत माता स्कूल हिंदी मीडिया में कक्षा आठवीं का छात्र है। 1 अप्रैल को यश परीक्षा देने स्कूल गया था। परीक्षा समाप्त होने पर वह कक्षा से बाहर निकला और दोस्तों के साथ परिसर में नाश्ता करने लगा। इसी दौरान स्कूली बच्चे हंसी मजाक कर रहे थे।

कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

# जिलेवासियों को गर्मी के मौसम में न हो पानी की समस्या : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मंगलवार 1 अप्रैल को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को गर्मियों के दिनों में पानी की समस्या न हो जिसके लिए सुव्यवस्थित व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुवे तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्य, पीएम किसान सम्मान निधि की भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने जिले में पौधरोपण के कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्ण, अपूर्ण, प्रगतिरत कार्य सहित अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुवे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत मजदूरी मूलक कार्य, घर-घर कचरा संग्रहण कार्य सहित पंचायत विभाग अंतर्गत संचालित अन्य कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जनपदवार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति, मनरेगा के कार्य, जीओ टैगिंग, डोर टू डोर कचरा संग्रहण आदि के बारे में जानकारी ली तथा सभी कार्यो को गुणवत्तापूर्ण और सुव्यवस्थित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य के साप्ताहिक प्रोग्रेस की जानकारी ली गई और शेष बचे आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य को तेजी से कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन मिशन,चिरायु योजना सहित स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए है। कलेक्टर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्यात्मक जानकारी, स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जाने की प्रक्रिया करने सहित विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य कार्यों की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कृषि विभाग से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, ई केवायसी, लैंड सीडिंग, आदि के साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए है।




जनदर्शन में पहुंचे लोगों की समस्या सुनते कलेक्टर।

## जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों तथा क्षेत्रों से अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आने वाले लोगों की परेशानियों को विस्तारपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। जनदर्शन में अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, अपर कलेक्टरबीरेंद्र लकड़ा सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन में आज तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम पनघटपारा के निवासी श्रीमती महेश्वरी देवी ने घर के ऊपर टिका हुआ पीपल के वृक्ष को कटवाये जाने के संबंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम जमगहन के निवासी चैतराम खुटे ने सड़क मार्ग निर्माण की मुआवजा राशि दिलाने के संबंध में, तहसील बाराद्वार अंतर्गत ग्राम सिरली निवासी दीपक कुमार सिदार ने अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में, तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम गोबरा के समस्त ग्रामवासीयों द्वारा शासकीय भूमि में अवैध रूप सें कब्ज़ा कर विक्रय एवं अवैध मकान निर्माण करने के संबंध में, तहसील अड़भार अंतर्गत ग्राम सकर्रा निवासी रामकुमार चन्द्रा ने अवैध कब्जा हटाकर रोड निर्माण करने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम रगजा निवासी हितैषी लाल साहू ने वृद्धा पेंशन के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम पुटेकेला निवासी श्रीमती संतोषी बाई ने राशन कार्ड में नाम जोड़ने के संबंध में और श्रीमती केरो बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास दिलाने के संबंध में सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा सप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया।



## सीएमओ से मिलकर कांग्रेसियों ने की स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

श्री हनुमान जयंती के अवसर पर नगर के श्रीसिद्ध नहरिया बाबा मंदिर प्रांगण पे प्रारंभ हो रहे महायज्ञ को देखते हुए मंदिर के आसपास लगे विद्युत खाबो में स्ट्रीट लाइट के अभाव में अंधेरे के आलम से निजात दिलाने के लिए नगर के कांग्रेस जनों का प्रतिनिधि मंडल नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रहलाद पांडे से बैठकर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग संबंधी ज्ञापन सोप सौंपा।

▪ राहगीरों और श्रद्धालुओं को करना पड़ता है कठिनाइयों का सामना

ज्ञापन में कांग्रेस जनों ने सीएमओ का ध्यान श्री सिद्ध नारियल बाबा मंदिर के लिए सिंघाड़ा तालाब से होते हुए मुख्य नहर से श्री सिद्ध नहरिया बाबा मंदिर तक बने पहुंच मार्ग के किनारे विद्युत खाबो का विस्तार हो चुका है यह मार्ग न केवल मंदिर तक पहुंचने वालों के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि नैला से चांपा और कलेक्ट्रेट तक आने जाने वालों के लिए उपयोग किए जाने वाले मुख्य मार्ग में से एक है। इस मार्ग पर लगाए गए विद्युत खंभों में स्ट्रीट लाइट न होने से राहगीरों और श्रद्धालुओं को अनेक कठिनाइयां का सामना करना पड़ता है। अंधेरे की वजह से दुर्घटना होने की संभावना हमेशा बनी रहती है। इस समस्या के समाधान के लिए विद्युत खंभों में स्ट्रीट लाइट लगाया जाना जनहित में जरूरी है। कांग्रेसजनों की मांग को अधिकारी ने गंभीरता पूर्वक लेते हुए अपने अधीनस्थ अधिकारियों को अतिशीघ्र ही बताए गए खंभों में स्ट्रीट लाइट लगाने का निर्देश जीदिया। इस दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्षद्वय विवेक सिंह सिसोदिया व रफीक सिद्दीकी, पार्षदगण प्रिंस शर्मा, विष्णु यादव, जगदीश्वरी सूर्यवंशी, देवराज सिंह चंदेल, श्रीमती रक्षा सिंह,रेखा सोनवान, राजा सिद्दीकी, धीरज सिंह बैस , सौरभ सिंह, सत्ता राठौर,भोलू यादव,बजरंग कहरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## धर्मिक नगरीय शिवरीनारायण में हुई संत शिरोमणि रविदास की प्रतिमा स्थापना

**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण के पावन भूमि पर संत शिरोमणि गुरु रविदास की मूर्ति स्थापना एवं 648 वीं जयंती समारोह के साथ में परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर काशी बनारस से चल कर आये संत भारत भुषण दास ने कहा कि संत में सत्य नम्रता और समाज सेवा के लिए तपस्या रुपि गुण होता है। संत शिरोमणि गुरु रविदास ने सभी मानव समाज को एक सूत्र में रहने को कहा था। इस अवसर पर रामप्रसाद राही,रामगोपाल आदिले,प्रीति रोहिदास,संजय तुरकाने सुरज पठारे, मंटू रोहिदास,राजेन्द्र रोहिदास,नेहरू राही,मेंदराम रोहिदास गोलू रोहिदास,डॉ बलराम रोहिदास,के एल



सोनवानी,कांति देवी रोहिदास,तेरस बाई रोहिदास,सिताराम मेहरा,शिव मेहरा,सुरज शंकर लदेर मनहरण विजयवार,अशोक सोनवानी भुवन पुर्व सरपंच संजय अग्रवाल, राहुल थवाईत विधायक शेषराज हरबंस विधायक ब्यास कश्यप सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## देश के सभी राज्यों के किसानों को प्रशिक्षण देने जाएगी किसान स्कूल की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बहेराडीह में स्थित वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के टीम भारत के अलग अलग राज्यों के किसानों के मांग पर ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी की ओर से कृषि क्षेत्र में ट्रेनिंग देने जाएंगे।

इस संबंध में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव और संरक्षक समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन ने बताया कि किसान स्कूल की स्थापना राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर 23 दिसंबर 2021 को भारत के अन्नदाताओं किसानों के सहयोग से किया गया है। जहाँ पर कृषि क्षेत्र में 18 प्रमुख विषयों पर किसानों को किसान स्कूल के टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है। कृषि क्षेत्र में यहाँ पर जितने भी ट्रेनर हैं। वह सभी ट्रेनर छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी से सर्टिफाइड हैं। वहीं राज्य सरकार और भारत सरकार के द्वारा किसान स्कूल के ट्रेनरों को राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार से भी नवाजा गया है। संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि उनके टीम में कृषि क्षेत्र में जितने भी ट्रेनर हैं। वे सभी किसान स्कूल के अलावा छत्तीसगढ़ के सभी जिले में विभागों और एनजीओ के माध्यम से ट्रेनिंग दे रहे हैं। किसान स्कूल के ट्रेनर रामाधार देवांगन, एस एस ठाकुर, सावित्री पॉल,मोहन साहू छत्तीसगढ़ राज्य के अलावा मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, असम, उड़ीसा, झारखंड, उत्तराखंड, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, बिहार पहुंचकर कृषि क्षेत्र में किसानों को ट्रेनिंग दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि रामाधार देवांगन कोसा रेशम, बकरी पालन, मुर्गी पालन आदि विषयों के छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी की ओर से ट्रेनर और असेसर हैं। सावित्री पॉल डेयरी, वर्मीकम्पोस्ट और मछली पालन के सर्टिफाइड ट्रेनर और असेसर हैं। एस एस ठाकुर मशरूम उत्पादन समेत मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन, मिलट्स विषयों के ट्रेनर हैं और किसान स्कूल के संचालक को अचार, पापड़, मसाला पाउडर निर्माण समेत सब्जी खेती, नर्सरी प्रबंधन, कृषि उद्यमी आदि विषयों के अलावा कई संस्थाओं से कृषि क्षेत्र में ट्रेनर और असेसमेंट हेतू असेसर के लिए अधिकृत हैं।

## जीव जंतुओं के कल्याण के लिए आवश्यक है यज्ञ अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडहीह

यज्ञ अनुष्ठान का महत्व युगों युगों से चलता आ रहा है और धरती के समस्त जीव जंतुओं के कल्याण के लिए यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है। वहीं यज्ञ हवन के दौरान वातावरण और मन की शुद्धि भी होती है।

▪ वोनसरा मंदिर परिसर में यज्ञ शाला में हुई कलश की स्थापना

उक्त बातें पहाड़गांव में स्थापित मां वोनसरा देवी मंदिर परिसर में यज्ञ शाला में कलश स्थापना और अखंड धूनी प्रज्वलित कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक व समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन ने कही। इस अवसर पर बलौदा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी के जनपद सदस्य चूड़ामणि राठौर ने कहा कि यज्ञ का आयोजन न सिर्फ मानव कल्याण की कामना को लेकर किया जाता है बल्कि समस्त प्राणियों के कल्याण के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि चैत्र नवरात्र के शुभ मुहूर्त में यज्ञ शाला का शुभारंभ और अखंड धुनि प्रज्वलित करना हम मानव जाति आज अपने आप को गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। यह धुनि आज से युगों युगों तक जलते रहेगी। यही प्रार्थना जगत जननी मां जगदम्बा से किया गया। मंदिर के पुजारी रामबिलास ने बताया कि वे जीवनभर माता के सेवा के लिए अपने आप को समर्पित किया है। इस दौरान बुढ़ापे उम्र में यज्ञ शाला की निर्माण, कलश स्थापना और अखंड धुनि प्रज्वलित करने का चैत्र नवरात्रि के अवसर पर शुभारंभ करने का सौभाग्य मिला। सामाजिक कार्यकर्ता तुलेश गोस्वामी ने कहा कि धर्म की रक्षा और मंदिर की स्थापना और उनके विस्तार के लिए आज लोग आ रहे हैं जिसमें भारत के पहला किसान स्कूल के संरक्षक समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन और उनके टीम समेत छत्तीसगढ़ के अलावा कई राज्यों के लोग आ रहे हैं। यह सब माता रानी की कृपा से ही सम्भव हो रही है। यज्ञ शाला में कलश स्थापना और अखंड धुनि प्रज्वलित समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन, सिवनी के जनपद सदस्य चूड़ामणि राठौर, किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, रामदयाल यादव, कैलाश बरेठ, भंजय गबेल, उज्जैन बरेठ द्वारा पुजारी रामबिलास, मंदिर प्रमुख कार्यकर्ता तुलेश गोस्वामी के उपस्थिति में पण्डित पुराणिक तिवारी के सहयोग से विधि विधानपूर्वक किया गया। इस दौरान यज्ञ, हवन, आरती, भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जिले के अलावा कोरबा, सक्ति व अन्य जिले के श्रद्धालु उपस्थित रहे।



यज्ञ, हवन, करते समाजसेवी एवं अन्य।

### शराब की कीमतों में कमी किए जाने के निर्णय जनविरोधी

**देवरी सारागांव।** क्षेत्रीय राजनीतिक दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के नवीन जिला सक्ती के जिला अध्यक्ष अर्जुन राठौर ने राज्य सरकार द्वारा 1 अप्रैल से शराब की कीमतों में कमी किए जाने के निर्णय को जनविरोधी बताते हुए कहा सरकार को दारू की क़ीमतों को कम करने के बजाए जनहित में दवा की क़ीमतों और महंगाई से त्रस्त जनता को राहत देने राशन, तेल और रोज़मर्रा की चीजों के क़ीमत को कम करना चाहिए था। नशे के कारण पहले ही आपराधिक घटनाओं में वृद्धि है, वहीं शराब की क़ीमतों को कम करने से शराब की खपत बढ़ेंगी साथ ही साथ आपराधिक घटना और दुर्घटनाएं भी बढ़ने से इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि दवाओं, राशन और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण न करके शराब को सस्ता करने का ग़लत निर्णय लिया है। गरीब और मध्यम वर्ग पहले से ही महंगाई से जूझ रहा है, लेकिन सरकार ने उनकी मूलभूत जरूरतों को नजरअंदाज करके शराब को प्रोत्साहित किया है।

## लोहर्सी में संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत पुराण का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहर्सी

मां रक्त मौली की पावन धरा लोहर्सी में श्रीमद् देवी भागवत पुराण के शुभारंभ हुआ। कथा वाचिका आकृति तिवारी ने देवी महात्म्य, शक्ति की महिमा और भक्तों के कल्याण की कथाएं विस्तार से वर्णन कीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल आध्यात्मिक वातावरण बनता है, बल्कि समाज में धर्म और संस्कृति की जड़ों को भी मजबूती मिलती है। श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के प्रथम दिवस की कथा अत्यंत पावन और भक्तिमय होती है। इस दिव्य ग्रंथ के प्रथम दिवस में सृष्टि की उत्पत्ति, देवी शक्ति की महिमा और भक्तों के लिए आध्यात्मिक मार्गदर्शन की व्याख्या की जाती है। कथा प्रारंभ से पहले देवी माँ की आरती, कलश स्थापना और गणपति वंदना की गई। सुश्री तिवारी ने आगे कहा कि नैमिषारण्य में शौनक ऋषि ने सूत जी से प्रश्न किए कि कलियुग में भक्तों का उद्धार कैसे होगा? तब सूत जी ने देवी भागवत पुराण के महत्व को बताया। देवी भगवती ही संपूर्ण सृष्टि की मूल कारण हैं। उन्हीं से ब्रह्मा, विष्णु और महेश की उत्पत्ति हुई। भगवान विष्णु योगनिद्रा में थे, तब दो राक्षस – मधु और कैटभ उत्पन्न हुए। देवी महामाया की कृपा से विष्णु जी ने इन राक्षसों का संहार किया। देवी की कृपा से भक्त को सभी प्रकार की सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं। संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत कथा श्रवण करने गांव के साथ आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे।



कथा सुनाती आकृति तिवारी।

केशरवानी वैश्य नगर सभा चांपा की सामाजिक मिलन समारोह आयोजित

# समाज को आगे ले जाने के लिए सभी को संगठित होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

केशरवानी वैश्य कल्याण समिति चांपा के द्वारा नगर के गुप्ता-केशरवानी समाज के परिवारों का एक सामाजिक मिलन और होली मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा महर्षि कश्यप के तैलचित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चना तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

आयोजन में केशरवानी वैश्य सभा के प्रदेश संरक्षक प्रो. अश्वनी केशरवानी, एडवोकेट महेंद्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, अमृत गुप्ता तथा भवानी गुप्ता का सम्मान किया गया। इसी तरह महिला सभा के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती कल्याणी केशरवानी, श्रीमती मधुरानी गुप्ता का सम्मान हुआ इसके अलावा समाज के सजग जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान। साथ ही महिला सभा के वर्तमान अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता तथा नगर सभा के वर्तमान अध्यक्ष मूलचन्द गुप्ता का भी सम्मान इस कार्यक्रम में किया गया। अपने स्वागत उद्बोधन में केशरवानी वैश्य कल्याण समिति चांपा के अध्यक्ष मूलचन्द गुप्ता ने कहा कि नगर में लगभग 100 परिवार में लगभग 400-500 की संख्या में स्वजातीय जन निवासरत हैं। समाज को आगे लेकर जाने के लिए हम सभी को संगठित होना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि उनकी पूरी टीम समाज के पुरुषों महिलाओं और बच्चों को संगठित करने पर विशेष ध्यान देगी तथा सभी के सहयोग से सामाजिक गतिविधियों में तेजी लाएगी। साथ ही केशरवानी भवन की आवश्यकता को भी उन्होंने समाज के सामने रखा और सभी से सहयोग की अपील की है। तत्पश्चात समाज के बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई, जिसने अतिथियों सहित सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा 6 से 12 साल तक के बच्चों के लिए आकर्षक खेल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। तत्पश्चात बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें पुरस्कार वितरण अतिथियों के हाथों से कराया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता श्रीमती रेखा गुप्ता तथा आभार प्रदर्शन केशरवानी नगर सभा के सचिव गौरव गुप्ता ने किया। होली उत्सव में अबीर गुलाल और फूलों की होली खेली एवं होली की गीतों सहित अनेकों गीतों पर सभी जमकर थिरके। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव गौरव गुप्ता, कोषाध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता, उपाध्याय सौरभ केशरवानी, संयुक्त सचिव कृष्णकांत गुप्ता, ऊर्जावान सदस्य सुरेश गुप्ता, अमृत गुप्ता, अनिल गुप्ता, नीलेश गुप्ता, राकेश केशरवानी, जागेश्वर केशरवानी सहित नगर के सभी स्वजातीय जनों ने कार्यक्रम में भरपूर सहयोग देकर आयोजन को सफल बनाया।



प्रतिभागियोंको पुरस्कृत करते अतिथि।

### बीडीएम अस्पताल में मनाई गई बिसाहूदास महंत की जयंती



**चांपा।** अविभाजित मध्य प्रदेश के मंत्री एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष स्व बिसाहू दास महंत की 101 वी जन्म जयंती बिसाहू दास महंत शासकीय चिकित्सालय चांपा में मनाई गई। सर्वप्रथम महंत की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इसअवसर पर श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत सांसद कोरबा, राजेश महंत, सूरज महंत, सृजन महंत, अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरबंस सहित गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

2 JANJ-JANJ PG-04_Layout 1 4/2/2025 10:15 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### खरौद में लंबे समय से चल रहे अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग



**खरौद।** नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधियों ने शिवरीनारायण थाना पहुंचकर नवपदस्थ थाना प्रभारी भाष्कर शर्मा को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। साथ ही थाना प्रभारी से भेंट मुलाकात कर छत्तीसगढ़ के काशी खरौद में लंबे समय से चल रहे अवैध दारू बिक्री को पूरी तरीके से बंद करने की मांग की। थाना प्रभारी उनकी मांग को स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया गया।

### कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के विकास बने पैनल एडवोकेट

**जांजगीर-चांपा।** जिले के प्रतिष्ठित अधिवक्ता विकास अग्रवाल को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन



(ईपीएफओ के पैनल एडवोकेट के रूप में नियुक्त किया गया है। यह संगठन भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन कार्यरत है। विकास अग्रवाल की यह नियुक्ति उनके कानूनी क्षेत्र में विशिष्ट अनुभव, दक्षता एवं श्रम कानूनों की गहरी समझ को ध्यान में रखते हुए की गई है। अब वे जांजगीर-चांपा जिले में ईपीएफओ से जुड़े मामलों का प्रतिनिधित्व करेंगे और संगठन के हितों की रक्षा हेतु कानूनी परामर्श एवं सहायता प्रदान करेंगे। इस नियुक्ति के बाद विकास अग्रवाल ने सरकार एवं संबंधित विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि वे अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाएंगे। यह नियुक्ति जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है, क्योंकि इससे स्थानीय स्तर पर कर्मचारी भविष्य निधि से जुड़े कानूनी मामलों को और अधिक प्रभावी रूप से संभालने में सहायता मिलेगी। ज्ञात हो कि विकास अग्रवाल शहर के प्रथम चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रकाश अग्रवाल के छोटे भाई है।

### छत्तीसगढ़ मुस्लिम कल्याण विकास समिति का ईद मिलन समारोह आज

**जांजगीर- चांपा।** छत्तीसगढ़ मुस्लिम कल्याण विकास समिति द्वारा 3 अप्रैल गुरूवार को ईद मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ मुस्लिम विकास समिति की कार्यकारी अध्यक्ष रफीक सिद्दीकी ने बताया कि 3 अप्रैल को अग्रसेन भवन नैला में शाम 5 बजे संस्था द्वारा ईद मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस समारोह में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डा. चरण दास महंत मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े करेंगी। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व केबिनेट मंत्री डा. शिव कुमार डहरिया व पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, विधायक ब्यास नारायण कश्यप, राघवेंद्र कुमार सिंह, शेषराज हरवंश , रामकुमार यादव, बालेश्वर साहू, पूर्व विधायक दाऊराम रत्नाकर, दूजराम बौद्ध, जिला भाजपा अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, अधिवक्ता फौजिया मिर्जा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, चांपा नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव उपस्थित रहेंगे। आयोजित ईद मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए संस्था के अध्यक्ष हाजी इब्राहिम मेमन, पप्पू खान, शब्बीर कुरैशी, शहबाज, हाजी शेख गुलजार, हाजी अहमद सलाम खान, पैज अहमद, डा. अलीम खान, इमरान खान, अनवर खान, सलीम करैशी, रज्जब अली, राजा,जावेद, अब्दुल रब (पिकू ) , फिरदोष खान, पार्षद अरमान खान, आरीफ खान, नजीर कुरैशी , राजूकापर, हाजी सैफपुद्दीन, अब्दुल रब टीपू सहित संस्था के पदाधिकारी व सदस्य गण आयोजित कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई।

### जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में दर्शील का चयन

**हसौद।** जैजैपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिस्दा के डिवाइन पब्लिक स्कूल में पांचवी कक्षा में



अध्ययनरत छात्र दर्शील कश्यप का चयन पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा जिला शक्ति के कक्षा छठवीं के लिए हुआ है। उनके माता चिस्दा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शिक्षिका के पद पर पदस्थ हैं इनके चयन पर स्कूल के प्राचार्य बाबूलाल माग्री शिक्षिका रेवती माग्री लक्ष्मी बंजारे सीमा कुर्रे एवं सभी स्टाफ ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### आकांक्षा आवासीय कोचिंग में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर छात्र/छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग, मेडिकल से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में सफल होने हेतु 2 वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। लिखित परीक्षा की तिथि के संबंध में पृथक से सूचना जारी किया जाएगा। आवेदन पत्र सीधे आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा में जमा किया जा सकेगा। आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत अध्ययन हेतु इच्छुक छात्र-छात्रायें नियम एवं शर्तों तथा आवेदन पत्र से संबंधित जानकारी के लिए जिले के वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं अथवा आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा से भी संपर्क कर सकते है।

---

मंदिरों में प्रज्जवलित हो रहे मनोकामना ज्योति कलश, दर्शन करने श्रद्धालुओं का लग रहा तांता

# नवरात्र पर्व पर भक्तिभाव से हो रही माता की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

ग्राम हसौद में विराजित मां महामाया दाई मंदिर में इस वर्ष चैत्र नवरात्रि को 418 मनोकामना ज्योति कलश जलाई गई।

मां महामाया मंदिर हसौद में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र बड़े धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस कड़ी में मंदिर को सजाया गया है । जगह-जगह लाइट ,झालर बैनर एवं झंडे लगाए गए हैं। जैसा कि मान्यता है की महामाया दाई सभी की इच्छाओं को पूर्ण करती हैं। इसलिए इस नवरात्र में श्रद्धालुओं द्वारा 418 मनोकामना ज्योति कलश जलाई गई है । मां महामाया मंदिर समिति के अध्यक्ष बुधराम यादव ने जानकारी दी है की घृत ज्योति 168 एवं तेल ज्योति 250 श्रद्धालुओं ने जलवाई हैं। यह ज्योति कलश चैत्र प्रतिपदा से चैत्र नवमी तक जलाई जाती है। श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्र सप्तमी एवं अष्टमी को सैकड़ो भक्त मां महामाया का दरबार अपने घर से लोट मारते हुए दर्शन के लिए जाते हैं एवं मंदिर की परिक्रमा करते हुए मां का दर्शन एवं प्रसाद पाते हैं। मान्यता है कि जो भी भक्त श्रद्धा भक्ति के साथ माता की पूजा करते है उनकी सभी मनोकामना पूरी होती है।



मां महामाया मंदिर में प्रज्जवलित मनोकामना ज्योति कलश।

### सिद्ध महामाया मंदिर में सुबह शाम हो रही मंगल आरती



**अकलतरा।** नगर के रामसागर तालाब स्थित सिद्ध महामाया मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व भक्ति पूर्वक,हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां श्रद्धालुओं के द्वारा 575 तेल ज्योति कलश व 157 घृत ज्योति कलश जलाई गई है। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक सौरभ सिंह, व्यवस्थापक अधिवक्ता नंद कुमार चौधरी एवं रविन्द्र साहू ने बताया कि नवरात्रि पर्व पर मंदिर में सुबह शाम पंडित श्यामसुंदर दुबे एवं हेमंत दुबे के मार्गदर्शन में मंगल आरती करने के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। महा पंचमी के दिन माता रानी को ध्वजा अर्पण किया जाएगा। प्राचीन समय से ही पंचमी के दिन माता रानी को ध्वज अर्पण करने की परंपरा चली आ रही है। नवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में देवी मां के दर्शन करने नगर एवं क्षेत्रवासियों की भीड़ उमड़ रही है।मंदिर समिति के सदस्य अनिल सिंह सिसोदिया ,प्रफुल्ल देवांगन , ज्ञानेश्वर देवांगन, हितेश देवांगन ,ननकी यादव मंदिर की व्यवस्था में जुटे हुए हैं।

### कंकाली मंदिर में भक्ति भाव से मनाया जा रहा नवरात पर्व

**अकलतरा।** पारसनाथ धाम ग्राम परसाही नाला के मां कंकाली मंदिर सेवा समिति के द्वारा कंकाली मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व भक्ति भाव, हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जा रहा है। मां कंकाली मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष तरुण कुमार सिंह और राकेश जायसवाल ने बताया कि चैत्र नवरात्रि पर मां कंकाली मंदिर में 53 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हो रहे हैं। नवरात्रि पर मंदिर में विशेष श्रृंगार करने के साथ सुबह शाम मंगल आरती की जा रही है। चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां कंकाली मंदिर में विशेष तैयारी की गई है। मंदिर में सुबह शाम आरती करने के साथ विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। 4 अप्रैल को हरिद्वार की गंगा आरती के तर्ज पर मंदिर परिसर में शाम 7 बजे महाआरती का आयोजन किया गया है। चैत्र नवरात्रि पर्व के आयोजन में रामनाथ मरावी, अनिल कुमार सिदार, संतोष साहू, अमित कुमार मरकाम, सुरेंद्र कुमार मरकाम, भरत जायसवाल, भानसिंह मरकाम, मानसिंह मरकाम, राजकुमार मरकाम और मां कंकाली मंदिर सेवा समिति के सभी सदस्यों द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।



उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा सुनाती ऋचा द्विवेदी।

# श्रीराम कथा श्रवण अमृत रसपान के समान : ऋचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

▪ चैत्र नवरात्रि पर मनकादाई मंदिर खोखरा में बह रही रामभक्ति की धारा

मां मनकादाई मंदिर खोखरा में चैत्र नवरात्रि पर श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। इस दौरान चित्रकूट धाम अयोध्या से पहुंची बालविदुषी ऋचा द्विवेदी श्रीराम कथा का बड़े ही भावपूर्ण ढंग से वर्णन कर रही है।उन्होंने रामकथा श्रवण को अमृतपान के समान बताया।

मां मनकादाई मंदिर पब्लिक ट्रस्ट के रजत जयंती वर्षगांठ के अवसर पर श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। कथा श्रवण चित्रकूट धाम से पहुंची बालविदुषी ऋचा द्विवेदी द्वारा कराया जा रहा है। आचार्य देवी प्रसाद शास्त्री है। आयोजन के चौथे दिन बुधवार 2 अप्रैल को विदुषी ऋचा द्विवेदी ने पुष्पवाटिका दर्शन और धनुष भंग प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने मिथिला नगरी की विशेषता वहां के लोगों की धर्म पराण्यता के साथ सीता स्वयंवर के कथा का सविस्तार वर्णन करते हुए श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस दौरान भजनों की प्रस्तुति से श्रोता झूम उठे। विदुषी आचार्य द्विवेदी ने सीताराम विवाह का सविस्तार वर्णन किया। इस दौरान आकर्षक झांकी निकाली गई। कथा श्रवण करने उपेन्द्र तिवारी, राधे थवाईत, मनहरण थवाईत, टीकम थवाईत, मुकेश तिवारी सहित ग्रामवासी एवं आसपास के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राहौद व्यापारी सेवा समिति ने किया सार्वजनिक शीतल जल सेवा का शुभारंभ



**राहौद।** व्यापारी सेवा समिति राहौद के द्वारा तृतीय वर्ष सार्वजनिक शीतल जल सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अम्बेश जांगड़े और अमर सुल्तानिया तथा विशिष्ट अतिथि जयनंदन मार्बल ने फीता काटकर इस सेवा का उद्घाटन किया। व्यापारी सेवा समिति द्वारा शुरू की गई यह सेवा अब तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है और आगामी दिनों में इसे और भी बढ़ाने की योजना है। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने इस पहल की सराहना की और इसे एक समाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा बताया। समिति ने राहगीरों को ताजे निम्बू पानी का वितरण किया, जिससे गर्मी के मौसम में उन्हें राहत मिली। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस सेवा का उद्देश्य समाज को ठंडा और ताजे जल की सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि सभी को गर्मी में राहत मिल सके।। इस दौरान नपं उपाध्यक्ष गयाराम चंदेल, पार्षद राजेश यादव, पार्षद नरसिंग गोंड, पार्षद योगेश देवांगन, श्याम चंदेल, दुखु देवांगन, गोकुल देवांगन, सुनील गुप्ता, दीपक कश्यप, प्रवेश अग्रवाल, कन्हैया लाल साहू, सुभाष पटेल, मोती देवांगन, दुर्गेश पटेल, शिव साहू, नारायण अग्रवाल, चोलाराम श्रीवास, श्रवण साहू, गोपी अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, अमित सोनी, बंटी अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल और आलोक अग्रवाल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## परिचय सम्मेलन में 268 युवक-युवतियों ने लिया भाग, 23 जोड़ों का रिश्ता तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गुरु घासीदास सतनामी समाज वैवाहिक समिति छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन रविवार 30 मार्च को सांस्कृतिक भवन जांजगीर में संपन्न हुआ।

▪ राज्य स्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन का हुआ आयोजन

इस सम्मेलन में कुल 268 युवक-युवतियों ने भाग लिया, जिनमें 156 युवतियाँ एवं 112 युवक शामिल थे। परिचय सत्र के माध्यम से 23 जोड़ों के रिश्ते तय हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ परमपूज्य बाबा संत सिरोमणि गुरु घासीदास जी की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुमार महिलांगे ने की। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष महेश महिलांगे एवं राजा भास्कर, सचिव वेदप्रकाश धीरहे, सहसचिव बिंधेश्वरी डहरिया, कोषाध्यक्ष नंदिनी दिवाकर एवं सलाहकार दलगंजन प्रसाद डहरिया जिलाध्यक्ष रायपुर- राजेश्वरी कुर्रे, संरक्षक सदस्य - दूज राम मिलन, प्रियंका भार्गव, भोज राम सुमन, सेवक राम खूंटे, विजय मिरी, अजय निराला, मिलन लहरे, घनश्याम पाटले, ए. डी. जांगड़े, अमर लाल बंजारे, अनिल कुर्रे, धन्नू कुर्रे, अभनव मनु, सहित




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं समाज के लोग।

नीलम डहरिया, लक्ष्मी मनहर, सुरेश दिवाकर, समीर रात्रे, मनोज खुटेश्वर, रेशम लाल खरे, अशोक डिसेन कार्यकारिणी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विशेष रूप से डी. एल. अनंत, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग, बिलासपुर, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही डॉ. बी. आर. खांडे, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, जांजगीर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बी. आर. रत्नाकर, प्राचार्य जिलाध्यक्ष अजाक्स, जांजगीर एवं भजन दास टंडन मुख्य पुजारी ने की। अन्य विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती जयश्री रात्रे शिक्षिका, एच. एल. कुर्रे पूर्व जिला अध्यक्ष, अजाक्स एवं ममता डहरिया शिक्षिका प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। समाज के सेवा भाव को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। यह शिविर अमरुता हॉस्पिटल, टाटीबंध के सौजन्य से संपन्न हुआ, जिसमें डॉ. भारत भूषण कैंसर रोग विशेषज्ञ एवं डॉ. मीनू केशकर (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) ने अपनी सेवाएँ दीं। एडमिन रविंद्र खूंटे एवं बहुजन पुस्तक सदन के दिलीप अंबेडकर भी इस सेवा कार्य में सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संचालन पी. बनर्जी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में समाज के प्रमुखजनों में विजय कुमार मनहर, योगेश बनर्जी, साहेब लाल दिवाकर, जगजीवन बनर्जी, तेरस रात्रे, अजय मनहर,हरप्रसाद बंजारे, रोहित खूंटे, ए. आर. रात्रे, अधिवक्ता रमेश बघेल एवं एच. आर. बर्मन सहित समाज के अन्य अधिकारी-कर्मचारी व पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

## प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चांपा।** प्रतिबंधित नशीली सीरप के साथ तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उनके कब्जे से कफ सीरप समेत 1 लाख 65 हजार रुपए का सामान जब्त किया है। मामला चांपा थाना का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल को थाना चाम्पा से पुलिस टीम थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था, जो पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिला के ग्राम सिवनी में एक व्यक्ती प्रतिबंधित सिरप की बिक्री कर रहा है की सूचना मिलने पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर रेड कारवाई किया गया जो मौके पर एक लड़का पुलिस टीम को देखकर भागने की फिराक मे था जिसे दौड़कर पकड़ा गया।

पूछने पर अपना नाम नीतेश देवांगन ग्राम सिवनी बताया जिसके कब्जे से 60 नग प्रतिबंध कफ सिरप मिला। पूछताछ करने पर उसने अपने साथी मेवालाल के साथ सिरप को बेचना बताया। आरोपी की सूचना पर उसके आरोपी दोस्त मेवालाल के घर में रेड कारवाई की। इस दौरान उसके कब्जे से 60 नग प्रतिबंध कफ सिरप जप्त किया गया। दोनों से सप्लायर के संबंध में पूछताछ करके उनके बताए अनुसार ग्राम पेंड्री के महेन्द्र साहू के यहां दबिशदी गई, लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस ने बताया कि मोबाइल नंबर लेकर लोकेशन के आधार पर सप्लायर महेन्द्र साहू को हथनेवरा चौक के पास पकड़ा गया उसके पास रखें स्कूटी को चेक करने पर स्कूटी की डिक्की से 14 नग वन रेक्स तथा बिक्री रकम 18 हजार 370 रुपए जप्त किया गया ।

## जयंती पर याद किए गए जन नायक स्व बिसाहूदास महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

▪ पार्षदों और युवा कांग्रेसियों ने किया बादाम शेक का वितरण

छत्तीसगढ़ के जननायक स्वर्गीय बिसाहूदास महंत की 101 वीं जयंती पर नगर के बीडीएम बालोद्यान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान जिला युवा कांग्रेस एवं नगरपालिका जांजगीर नैला के नवनिर्वाचित पार्षदों के संयोजन में बादाम शेक का वितरण किया गया।

इस दौरान विधायक द्वय ब्यास कश्यप व राघवेंद्र कुमार सिंह सहित दिनेश शर्मा, गुलजार सिंह, रमेश पैगवार, विवेक सिंह सिसोदिया, रफीक सिद्दीकी, श्रीमती हेमलता राठौर पार्षदगण प्रिंस शर्मा, विष्णु यादव, जगदीश्वरी सूर्यवंशी, देवराज सिंह चंदेल, श्रीमती रक्षा सिंह,रेखा सोनवान, राजा सिद्दीकी, धीरज सिंह बैस , सौरभ सिंह, सत्ता राठौर, गज्जू साहू, भोलू यादव, बजरंग कहरा, गार्गी तिवारी , बजरंग यादव, दुष्यंत यादव कुलदीप सिंह, मनोरमा पाटेकर, सत्यभामा टंडन, आकाश तिवारी, जितेंद्र दिनकर ,चंद्रप्रकाश ओग्रे, विजय सूर्यवंशी ,विजय गढ़वाल, रवि सूर्यवंशी, संतोष बबाई ,आशीष धीवर , कृष्णा यादव, प्रयांश यादव , संस्कार राठौर, अनिकेत यादव, हितेन हंसेलिया ,संदीप लाठिया, अनिल चौरसिया, अमन शुक्ला, कौशल्या पाटेकर, प्रदीप यादव सहित लोग मौजूद रहे।



लोगों को बादाम शेक का वितरण करते विधायक ब्यास कश्यप, राघवेन्द्र सिंह एवं अन्य।

## न्योता भोज कार्यक्रम से जुड़कर योजना को बनाएं सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा द्वारा अपने गृह ग्राम सोनादुला के शासकीय पूर्व माध्य विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज में मुख्य अभ्यागत के रूप में सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वासु जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मालखरौदा रूपेंद्र पटेल, तहसीलदार मालखरौदा मनमोहन प्रताप सिंह शामिल हुए।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिला शिक्षा अधिकारी की इस न्योता भोज पहल की सराहना करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग इस न्योता भोज कार्यक्रम से जुड़े एवं शासन के मंशानुरूप इस योजना को सफल बनाने में अपना योगदान देवे। जिला पंचायत सक्ती के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़कर सभी गतिविधियों में शामिल रहे एवं विद्या अध्ययन के साथ-साथ अन्य कार्यक्रमों में भी भाग ले तथा अच्छे से पढ़ाई कर अच्छे-अच्छे पदों को सुशोभित करें। जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा ने कहा कि आपके घरों में आयोजित उत्सव के अवसर जैसे जन्म दिन,विवाह, सालगिरह या खुशी के अन्य अवसर पर स्थानीय विद्यालय के बच्चों को शामिल करते हुए न्योता भोज का आयोजन करें, हमारा लक्ष्य प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत मिलने वाले भोजन की पौष्टिकता में वृद्धि करना तथा रुचिकर बनाना है। कार्यक्रम में मनहरण चंद्रा, एम एल प्रधान, राकेश अग्रवाल, सुरेश कुमार जायसवाल, श्रीमती विमलेश चंद्रा, शैलेन्द्र कमलेश, डायमंड चंद्रा, ग्रामीणजन , शिक्षक शिक्षिका तथा बच्चे उपस्थित थे।



बच्चों को भोजन परोसते कलेक्टर।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम आयोजित

# हिन्दू विचार जब तक है, तब तक विश्व मे शांति है: गौरहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम का आयोजन कोटमीसोनार मिडिल स्कूल में किया गया जहां मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जांजगीर चांपा जिला कार्यवाह अमित गौरहा थे।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि गर्व से कहो हम हिन्दू हैं। इसी संकल्प को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने दोहराया । डॉ. हेडगेवार कहते थे देशभक्ति सिर्फ विचार-विमर्श का विषय नहीं है, यह आचरण का विषय है। व्यक्ति के आचरण में जब देश हित का भाव निहित होगा, तब देशभक्ति के आचरण से ओतप्रोत समाज का निर्माण होगा और आज समाज में इसी आचरण की आवश्यकता है। आज सम्पूर्ण विश्व भारत की ओर निहार रहा है क्योंकि जब तक हिंदू विचार है तब तक विश्व में शांति है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर महंत सर्वेश्वर दास महाराज ने स्वयंसेवको सम्बोधित करते हुए कहा कि संघ प्रतिवर्ष अपने उत्सवों को संघ की शाखा में मनाती है। भारत आज हर क्षेत्र में अग्रणी है. तेजी से आर्थिक विकास कर रहा है। सामरिक और कूटनीतिक मोर्चों में बढ़ती क्षमता से विश्व परिचित है। ऐसे समय में भारतीय समाज को एकजुट होकर सामाजिक परिवर्तन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य करना है। इससे पूर्व अतिथियों ने संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और आद्य सरसंघचालक प्रणाम हुआ। अमृत वचन का वाचन सुबोध थवाईत ने किया। प्रार्थना ललित सोनी द्वारा कराया गया। इस अवसर पर सीताराम दास महराज, रामशंकर सोनी, किसनु पाण्डेय, दिनेश सिंह, आनंद प्रकाश मिरी , ऋतुपर्ण सिंह, गोलू थवाईत, अशोक पाठक, त्रिलोकी थवाईत, नूतन थवाईत राकेश शर्मा, टिकेश्वर सोनी, दिलीप सोनी, राजेश शर्मा,प्रिंस पाण्डेय, आदित्य, आशीष सोनी, नंद साहू, जयप्रकाश थवाईत, संस्कार साहित्य, शुभम सिंह, शिवम सोनी, प्रमोद थवाईत, अंकित शुक्ला, श्रीकांत सोनी सहित स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं स्वयंसेवक।

